वर्ष- 02 अंक- 169
छपरा
12 मई सोमवार
2025
पृष्ठ - 04

दैनिक खोजखबर
खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू

E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com
E-Paper
website : www.dainikkhojkhabar.live

# राजस्थान-पंजाब, जम्मू-कश्मीर में हालात सामान्य

## एयरफोर्स ने कहा- ऑपरेशन सिंदूर जारी, जानकारी देंगे; शहीदों के शव घर पहुंचे

**नई दिल्ली/ जम्मू/ श्रीनगर/ पठानकोट/अंबाला/अमृतसर/जैसलमेर,एजेंसी।** बॉर्डर से लगे राजस्थान, पंजाब, जम्मू-कश्मीर में रविवार सुबह हालात सामान्य दिखाई दिए। बाजार खुल रहे हैं, गतिविधियां सामान्य हो रही हैं।

इस बीच, इंडियन एयरफोर्स ने कहा कि हमने ऑपरेशन सिंदूर के लक्ष्य हासिल कर लिए हैं। यह ऑपरेशन अभी जारी। हम समय आने पर जानकारी देंगे। एयरफोर्स ने अफवाहों से बचने की अपील की है।

एक और हाईलेवल मीटिंग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आवास पर हुई। इसमें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, सीडीएस अनिल चौहान, तीनों सेनाओं के प्रमुख, एनएसए अजीत डोभाल साथ ही आईबी और रॉ के चीफ मौजूद थे।

उधर, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लखनऊ में ब्रह्मोस सेंटर का इनॉगरेशन किया। रक्षामंत्री ने कहा कि पहलगाम अटैक के बाद दुनिया ने भारत की ताकत देखी। सरहद पार भी आतंकियों की जमीन सुरक्षित नहीं।

पाकिस्तान और भारत के बीच शनिवार को शाम 5 बजे सीजफायर हुआ था। 3 घंटे बाद ही पाकिस्तान ने जम्मू-कश्मीर, गुजरात, राजस्थान और पंजाब में ड्रोन अटैक किए। भारत ने इसका जवाब दिया। कुछ देर बाद विदेश मंत्रालय ने बताया कि हमने सेना को सख्त और ठोस कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।

पहलगाम हमले के दिन 22 अप्रैल से 10 मई तक पाकिस्तान की गोलीबारी में 5 जवान शहीद हो चुके हैं, जबकि 60 घायल हैं। इसके अलावा 25 लोगों की मौत हो चुकी है और 50 से ज्यादा घायल हैं।







### अमृतसर के बाजारों में रविवार को चहल-पहल दिखी

भारत-पाकिस्तान के बीच सीजफायर की घोषणा के बाद आज हालात सामान्य हैं। लोगों ने सामान्य गतिविधियां फिर से शुरू कर दी हैं। होटलों और ढाबों पर भीड़ नजर आ रही है। शहर में तनाव से पहले की चहल-पहल लौटने लगी है।

## जैसलमेर से पाकिस्तान कॉल करने वाले 12 संदिग्ध गिरफ्तार

### भारत-पाक बॉर्डर से 4 को पकड़ा; बाड़मेर में धमाका, रिहायशी इलाके में बम मिला

**जैसलमेर/जोधपुर/बाड़मेर,एजेंसी।** भारत-पाकिस्तान से तनातनी के बीच रविवार सुबह जैसलमेर के सदर इलाके के पोहड़ा गांव में पुराने हैंड ग्रेनेड व कुछ जंग लगे कारतूस मिले। बाड़मेर में तड़के धमाके के साथ आसमान से संदिग्ध वस्तु गिरी है, जिसे सेना ने कब्जे में ले लिया है। जैसलमेर के SP सुधीर चौधरी ने बताया- भारत-पाकिस्तान बॉर्डर से 4 संदिग्धों को पकड़ा गया है। सीमा पार पाकिस्तान में कॉल करने वाले हमारे रडार पर हैं। ऐसे ही मामले में शामिल 12 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। उधर, 10 मई को केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत जैसलमेर में थे। यहां उन्होंने सिविल डिफेंस की टीम और आम जन के साथ बंकर में समय बिताया। इस दौरान केंद्रीय मंत्री भारत-पाकिस्तान हमले से जुड़े अपडेट्स लेते रहे। उन्होंने कहा- भारत की ओर आंख उठाकर देखने वालों को पहले भारतीयों का जज्बा देख लेना चाहिए। इतने से ही वे जान जाएंगे कि जो हम पर आंख उठाएगा, वो फिर कभी देख न पाएगा। युद्ध के हालात को देखते हुए रेलवे ने राजस्थान से संबंधित 16 ट्रेनों को पूरी तरह और 11 ट्रेनों को आंशिक रूप से रद्द करने की घोषणा की थी। अब इन ट्रेनों को बहाल किया गया है।

## जम्मू-कश्मीर में बाजार खुले, सड़कों पर निकले लोगराजस्थान-पंजाब में 35 कैंसिल ट्रेनें शुरू; 9 राज्यों के 32 एयरपोर्ट्स के खुलने पर अभी फैसला नहीं

**नई दिल्ली,एजेंसी।** भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर के बाद रविवार को बॉर्डर से सटे राज्यों में हालात सामान्य होते दिखे। जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर, रामबन, रियासी सहित कई शहरों में सुबह से बाजार खुल गए। लोग घरों से बाहर निकले। सड़कों पर चहलकदमी दिखी। राजस्थान में 27 कैंसिल ट्रेनों को बहाल कर दिया गया है। सीजफायर से पहले रेलवे ने 16 ट्रेनों को पूरी तरह और 11 ट्रेनों को आंशिक रूप से कैंसिल कर दिया था। पंजाब के फिरोजपुर में 8 ट्रेनों को सामान्य रूप से चलाने के आदेश जारी किए गए हैं। इनमें कुछ ट्रेनों का समय बदला गया था। कुछ ट्रेनें बंद की गई थीं। राजस्थान, पंजाब और गुजरात में बॉर्डर से सटे जिलों में लोग अपने घर लौटने लगे हैं। पाकिस्तानी हमले के डर से बड़ी संख्या में लोगों ने घर छोड़ दिया था। गुजरात के कच्छ में दो दिनों से बंद कंडला पोर्ट भी आज खुल गया। यह देश का सबसे बड़ा बंदरगाह है। हालांकि, 9 राज्यों में बंद किए गए 32 एयरपोर्ट्स अब भी बंद हैं। इन्हें 15 मई तक बंद करने का आदेश है। एयरपोर्ट्स खोलने को लेकर अभी कोई फैसला नहीं आया है। सिविल एविएशन मिनिस्ट्री ने 10 मई को बताया था कि यह आदेश 9 मई से 15 मई की सुबह 5.29 बजे तक लागू रहेगा।



### राजनाथ बोले- ब्रह्मोस की धमक रावलपिंडी तक सुनाई दी

# नया भारत सीमा पार जाकर भी मुंहतोड़ जवाब देगा; लखनऊ में ब्रह्मोस यूनिट शुरू









**लखनऊ,एजेंसी।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लखनऊ में ब्रह्मोस मिसाइल यूनिट का वर्चुअली इनॉगरेशन किया। इस दौरान उन्होंने पाकिस्तान को चेतावनी दी, कहा- भारतीय सेना ने पराक्रम दिखा दिया है। आतंकवाद के लिए सरहद पार की जमीन भी सुरक्षित नहीं रहेगी। हमने केवल सीमा से सटे सैन्य ठिकानों पर ही कार्रवाई नहीं की, बल्कि भारत की सेनाओं की धमक उस रावलपिंडी तक सुनी गई, जहां पाकिस्तानी फौज का हेडक्वार्टर मौजूद है। रक्षा मंत्री ने कहा- हमने कभी उनके आम नागरिकों को निशाना नहीं बनाया, लेकिन जब पाकिस्तान ने भारत के नागरिक इलाकों, मंदिरों, गुरुद्वारों और चर्चों पर हमले का प्रयास किया। तब भारतीय सेना ने शौर्य और संयम के साथ उत्तर दिया। पाकिस्तान के अनेक सैन्य ठिकानों पर प्रहार करके करारा जवाब दिया।

**रक्षा मंत्री बोले- सीमा पार जाकर भी आतंकवाद को मुंहतोड़ जवाब देंगे :** रक्षामंत्री ने कहा- भारत विरोधी और आतंकी संगठनों ने भारत माता के मस्तक पर हमला किया था। कई परिवार के सिंदूर मिटाए थे। सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के जरिए इंसाफ दिलाने का काम किया। यह ऑपरेशन भारत की दृढ़ इच्छा शक्ति का प्रदर्शन है। यह ऑपरेशन सिंदूर केवल एक सैन्य अभियान नहीं, बल्कि भारत की राजनीतिक, सामाजिक और सामरिक इच्छा-शक्ति का प्रतीक है। यह अभियान आतंकवाद के खिलाफ भारत की दृढ़ संकल्पशक्ति, सैन्य क्षमता और रणनीतिक पराक्रम का प्रमाण है।

भारत ने दुनिया को यह भी दिखाया है कि वह आतंकवाद को जड़ से खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध है। पठानकोट, उरी, पुलवामा, और अब ऑपरेशन सिंदूर जैसे अभियानों से यह साबित हो गया है कि भारत आतंकवाद को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगा।

आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर चलते हुए हमारे पीएम ने स्पष्ट कर दिया है कि यह नया भारत है जो केवल अपने क्षेत्र में ही नहीं, बल्कि सीमा पार जाकर भी आतंकवाद को मुंहतोड़ जवाब देने की सामर्थ्य और संकल्प रखता है। मिसाइल यूनिट के उद्घाटन कार्यक्रम में सीएम योगी और दोनों डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक और केशव मौर्य मौजूद रहे। सीएम योगी ने मिसाइल के साथ फोटो खिंचवाई। इस दौरान सीएम योगी ने आतंकवाद पर हमला बोला।

### भारत-पाकिस्तान सीमा के करीब से आरडीएक्स, हैंड ग्रेनेड व हथियार बरामद

**चंडीगढ़।** बीएसएफ ने पंजाब पुलिस के साथ मिलकर भारत-पाकिस्तान सीमा से आरडीएक्स तथा हैंड ग्रेनेड व कई हथियार बरामद किए हैं। विस्फोटक सामग्री व हथियार बरामद करने के बाद बीएसएफ और पंजाब पुलिस ने मिलकर सीमावर्ती क्षेत्र में सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया है। जानकारी के अनुसार रविवार सुबह ग्रामीणों ने पुलिस को इस बारे में सूचित किया कि गांव चक बाला के पास कुछ संदिग्ध वस्तुएं पड़ी हैं। बीएसएफ तथा पंजाब पुलिस की टीम वहां पहुंची और पूरे गांव को घेर लिया। इसके बाद खेतों में चलाए गए सर्च ऑपरेशन के दौरान यहां से 972 ग्राम आरडीएक्स, एक रिमोट कंट्रोल डिवाइस और चार्जर, दो हैंड ग्रेनेड, दो डेटोनेटर, आठ बैटरियां, एक ब्लैक बॉक्स, 30 जिंदा कारतूस तथा दो पिस्टल व चार मैगजीन बरामद की हैं।

## जनगणना में जातिगत गणना के लिए 70 साल पुराने कानून में बदलाव की जरूरत नहीं, सरकार ने किया साफ

**नई दिल्ली,एजेंसी।** जाति आधारित जनगणना को लेकर चल रही चर्चाओं के बीच सरकारी अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि इस प्रक्रिया के लिए 70 साल पुराने जनगणना कानून में किसी तरह के बदलाव की जरूरत नहीं पड़ेगी। उन्होंने बताया कि 1948 में बना यह कानून, जिसे आखिरी बार 1994 में संशोधित किया गया था, केंद्र सरकार को जनगणना फॉर्म में शामिल किसी भी प्रकार की जानकारी मांगने की अनुमति देता है। ब्रिटिश शासनकाल में 1881 से लेकर 1931 तक की जनगणनाओं में सभी जातियों की गिनती की जाती थी। लेकिन आजादी के बाद 1951 में पहली बार हुई जनगणना के दौरान, सरकार ने केवल अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजातियों की गिनती का निर्णय लिया, जबकि अन्य जातियों की गणना नहीं की गई। 1961 में केंद्र सरकार ने राज्यों को अनुमति दी कि यदि वे चाहें तो अपनी-अपनी ओबीसी सूची तैयार करने के लिए स्वतंत्र रूप से जाति आधारित सर्वेक्षण कर सकते हैं। अब, छह दशकों से अधिक समय बाद, विभिन्न राजनीतिक दलों और सामाजिक संगठनों की मांगो को देखते हुए केंद्र सरकार ने अगले राष्ट्रीय जनगणना कार्यक्रम में जाति आधारित गणना को शामिल करने का निर्णय लिया है।



अधिकारियों ने जनगणना अधिनियम की धारा 8 का हवाला देते हुए बताया कि जनगणना अधिकारी ÷ऐसे सभी प्रश्न पूछ सकता है जिनके लिए उसे निर्देशित किया गया हो÷ और नागरिकों को उन प्रश्नों का उत्तर देना कानूनी रूप से अनिवार्य है, जब तक कि उनके पास इसके लिए कोई वैध अपवाद न हो। हालांकि, किसी महिला से उसके पति या दिवंगत पति का नाम बताने की बाध्यता नहीं है, और न ही किसी महिला को उन नामों का खुलासा करना होगा जिन्हें वह सामाजिक रिवाजों के अनुसार नहीं बताना चाहती। इसके साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया कि जनगणना के दौरान दी गई कोई भी जानकारी गोपनीय होती है और उसे किसी के खिलाफ इस्तेमाल नहीं किया जा सकता।

### देश के 30 राज्यों में आंधी-बारिश और तूफान

# यूपी -राजस्थान के 50 जिलों में अलर्ट; ओडिशा-पश्चिम बंगाल में तापमान 40डिग्री पार

**नई दिल्ली/भुवनेश्वर,एजेंसी।** देश के 30 राज्यों में आज रविवार को आंधी-बारिश और तूफान की चेतावनी है। इस दौरान हवाएं 40 से 70 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चल सकती हैं। अगले 2 दिन में अधिकतर राज्यों का तापमान 2-4 डिग्री तक बढ़ने की संभावना है।

मौसम विभाग ने शनिवार को बताया कि इस बार देश में मानसून तय समय से 4 दिन पहले पहुंच सकता है। दक्षिण-पश्चिम मानसून 27 मई को केरल तट से टकराएगा। आमतौर पर यह 1 जून को केरल पहुंचता है। राजस्थान के कोट, भरतपुर समेत कई जिलों में शनिवार को बारिश हुई। मौसम विभाग के अनुसार, आज 30 जिलों में आंधी-बारिश की संभावना है। पूरे मध्य प्रदेश में आंधी, बारिश और गरज-चमक का अलर्ट जारी है। उत्तर प्रदेश के 20 जिलों में बारिश और बिजली गिरने की चेतावनी है। वहीं, प्रदेश के 10 से अधिक जिलों में पारा 40 के करीब पहुंच गया है। आगरा में बीते दिन 80किमी. की रफ्तार से हवाएं चलीं, कई होर्डिंग और पेड़ उखड़ गए।



शनिवार को ओडिशा के 16 शहरों में पारा 40डिग्री से ज्यादा रहा। सबसे ज्यादा 42.7डिग्री संबलपुर का रहा। पश्चिम बंगाल के 5 जिलों में हीटवेव की स्थिति रह सकती है, तापमान 40.0एष्ट पार जा सकता है।

**समय से 4 दिन पहले मानसून की दस्तक संभव :** मानसून देश में इस बार तय समय से 4 दिन पहले पहुंच सकता है। मौसम विभाग (IMD) के मुताबिक दक्षिण-पश्चिम मानसून 27 मई को केरल तट से टकराएगा। आमतौर पर यह 1 जून को केरल पहुंचता है।मौसम विभाग के मुताबिक, अगर मानसून 27 मई को आता है तो यह 16 साल में पहली बार होगा जब यह इतनी जल्दी दस्तक देगा। 2009 में 23 मई को और 2024 में 30 मई को मानसून ने केरल में दस्तक दी थी। इसके अलावा 2018 में 29 मई को मानसून आया था।

IMD ने बताया कि 1 जून को केरल पहुंचने के बाद मानसून 8 जुलाई तक अन्य राज्यों को कवर करता है। 17 सितंबर के आसपास राजस्थान के रास्ते वापसी शुरू करता है और 15 अक्टूबर तक पूरा हो जाता है।

### मलेरकोटला से पकड़े गए दो पाकिस्तानी जासूस

**चंडीगढ़,एजेंसी।** पंजाब पुलिस ने राज्य के मलेरकोटला से दो पाकिस्तानी जासूसों को गिरफ्तार किया है। इन पर पाकिस्तानी उच्च आयोग के कार्यालय के एक अधिकारी को सेना से जुड़ी गोपनीय जानकारियां मुहैया करवाने का आरोप है। इसके बदले में उन्हें ऑनलाइन पेमेंट मिलती थी। पंजाब पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने रविवार को बताया कि एक सूचना के आधार पर मलेरकोटला से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया, जिसने पूछताछ में अपने दूसरे सहयोगी के बारे में बताया। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार करके उनके पास से दो मोबाइल फोन जब्त किए हैं। इनसे पूछताछ करके पता लगाया जा रहा है कि वह कब से गोपनीय जानकारियां लीक करने का काम कर रहे थे और वह अब तक किस तरह की जानकारियां पाकिस्तानी उच्चायोग के अधिकारी को मुहैया करवा चुके हैं।

### राजस्थान की लड़की ने 110 देशों की सुंदरियों को छोड़ा पीछे



मिस वर्ल्ड के मंच पर भारतीय संस्कृति दिखा छाईं नंदिनी गुप्ता

**जयपुर (एजेंसी)।** मिस वर्ल्ड 2025 पेजेंट की शुरुआत हो चुकी है। जिसकी मेजबानी का जिम्मा इस बार भारत के पास है। ऐसे में 10 मई को हैदराबाद में मिस वर्ल्ड के 72वें संस्करण में राजस्थान के कोटा की नंदिनी गुप्ता भारत का प्रतिनिधित्व करती नजर आईं। जहां 110 देशों की सुंदरियों के बीच हसीना ने पहले ही दिन कॉस्ट्यूम राउंड में अपनी अलग छाप छोड़ दी और सबका दिल जीत गईं। फेमिना मिस इंडिया वर्ल्ड 2023 का ताज अपने नाम कर चुकी नंदिनी नेशनल कॉस्ट्यूम राउंड के लिए भारत की स्वर्णिम संस्कृति की कहानी बयां करती खूबसूरत आउटफिट पहनकर आई थीं।

### पुतिन ने यूक्रेन को सीधी बातचीत का दिया ऑफर

**मॉस्को (एजेंसी)।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने रविवार को यूक्रेन के साथ सीधी बातचीत का प्रस्ताव रखा है। पुतिन ने कहा कि 15 मई को इस्तांबुल में यूक्रेन के साथ बात कर सकते है। यह प्रस्ताव कीव और यूरोपीय नेताओं के 12 मई से बिना शर्त 30 दिन के सीजफायर के ऐलान करने के कुछ घंटों बाद आया है। हालांकि, पुतिन ने यूक्रेन के साथ सीजफायर पर सहमत होने के अल्टीमेटम को अस्वीकार कर दिया है।

### राहुल गांधी और खरगे ने पीएम मोदी को लिखा पत्र, तुरंत संसद का विशेष सत्र बुलाने का किया अनुरोध

**नई दिल्ली,एजेंसी।** कांग्रेस नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष व राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रधानमंत्री मोदी को पत्र लिखा है। अपने पत्र में दोनों नेताओं ने पीएम मोदी से संसद का विशेष सत्र तुरंत बुलाने का अनुरोध किया है। कांग्रेस पार्टी की तरफ से ये मांग पहलगाम आतंकी हमले और भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर के बाद से ही की जा रही है। वहीं एक दिन पहले भारत और पाकिस्तान के बीच हुए संघर्ष विराम के बाद से कांग्रेस पार्टी ने अपनी मांग फिर से दोहराई है।

**मांग पर गंभीरतापूर्वक एवं शीघ्रता से विचार करें- राहुल**

राहुल गांधी ने अपने पत्र में लिखा- मैं संसद का विशेष सत्र तत्काल बुलाने के विपक्ष के सर्वसम्मत अनुरोध को दोहराता हूं। लोगों और उनके प्रतिनिधियों के लिए पहलगाम आतंकी हमले, ऑपरेशन सिंदूर और युद्ध विराम पर चर्चा करना महत्वपूर्ण है ।

## गंडक बांध पर ट्रक ने बाइक चालक को कुचला, मौके पर हुई मौत

**दैनिक खोज खबर/तरैया (सारण)।** थाना क्षेत्र के चंचलिया गांव स्थित गंडक बांध पर तरबूज लदे मिनी ट्रक ने एक बाइक चालक को कुचल दिया। ट्रक की चपेट में आने से बाइक चालक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक अमनौर थाना क्षेत्र के अमनौर अगुआन निवासी 40 वर्षीय बीरबल राम बताया जाता है। जानकारी के अनुसार बीरबल राम चंचलिया पंचायत के भलुआ गांव में अपने एक रिश्तेदार के यहां शादी समारोह में आया हुआ था। शादी में जयमाला की रस्म के बाद बीरबल राम रात्रि में ही। अपने घर अमनौर अगुआन किसी दूसरे शादी में शामिल होने के लिए गंडक बांध के रास्ते लौटने लगा, तभी बांध के संकीर्ण रास्ते से तरबुज लदे मिनी ट्रक ने बाइक समेत बीरबल राम को कुचल दिया तथा कुछ दूरी तक घसीटते लेकर चला गया। ग्रामीणों के सूचना पर स्थानीय चौकीदार हैदर अली पहुंचे। जिसके बाद ग्रामीणों के सहयोग से मिनी ट्रक में फंसे बीरबल के शव को बाहर निकाला गया।मृतक घर का इकलौता कमाऊ सदस्य था। मृतक को एक वर्ष की एक मात्र पुत्री है। वहीं घटना की जानकारी मिलते ही पत्नी शीला देवी, माता, पिता व अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। इधर पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए छपरा सदर अस्पताल भेज दिया तथा आगे की जांच एवं प्रक्रिया में जुट गई है।

## दरियापुर के आधा दर्जन से ज्यादा युवाओं का बिहार पुलिस में चयन, गांव में खुशी की लहर

**दैनिक खोज खबर/दरियापुर।** प्रखंड के आधा दर्जन से अधिक युवकों और युवतियों ने बिहार पुलिस में चयनित होकर पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इन युवाओं ने तमाम आर्थिक कठिनाइयों और सीमित संसाधनों के बावजूद यह सफलता हासिल की है, जो ग्रामीण क्षेत्र के लिए एक प्रेरणा बन गई है।

इनकी सफलता के पीछे मां गढ़ देवी फिजिकल अकादमी की अहम भूमिका रही, जहां इन्हें निःशुल्क शारीरिक प्रशिक्षण दिया गया। इस अकादमी की मेहनत और युवाओं की लगन ने मिलकर यह मुकाम हासिल कराया।

### चयनित युवतियों में प्रमुख नामः

सोफिया निगार (जितवारपुर), सुमन कुमारी और गुड़िया कुमारी (सूतिहार), संगीता उर्फ पूजा कुमारी (डेरनी)।

### चयनित युवकों में प्रमुख नामः

अमन कुमार (सिसौनी),आशुतोष कुमार (इटवा)

प्रयाग कुमार, शाहिद अनवर और अभिषेक कुमार (बेला महमदपुर)। इनकी सफलता पर पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर है। स्थानीय ककरहट पंचायत के मुखिया सुनील कुमार यादव, अमित कुमार सोनू राय, शिक्षक अमित रंजन, व्यवसायी त्रिलोकी साह और अकादमी के निदेशक कुंदन कुमार ने सभी चयनित युवाओं को अंग वस्त्र और मेडल देकर सम्मानित किया।

## अनियंत्रित बाइक की ठोकर से एक व्यक्ति की हुई मौत

**दैनिक खोज खबर/तरैया (सारण)।** थाना क्षेत्र के तरैया-मढ़ौरा एसएच-73 मुख्य सड़क पर पचभिण्डा पोखर के समीप अनियंत्रित बाइक की ठोकर से एक व्यक्ति की मौत हो गई है। मृतक शाहनेवाजपुर गांव निवासी 55 वर्षीय दशरथ राम बताए गए हैं। बताया जाता है कि दशरथ राम पचभिंडा पोखर के समीप दुकान से कुछ सामान खरीदारी कर लौट रहे थे। इसी दौरान तरैया की तरफ से आ रही एक तेज रफ्तार आपची बाइक के चालक ने अनियंत्रित होकर उन्हें ठोकर मार दिया। जिससे दशरथ राम सड़क पर ही फेंका गए और गंभीर रूप से जख्मी हो गए। वहीं घटना के बाद बाइक चालक अपनी बाइक छोड़कर फरार हो गए। स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से जख्मी दशरथ राम को तत्काल उपचार के लिए रेफरल अस्पताल तरैया में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उन्हें पटना पीएमसीएच रेफर कर दिया। वहीं पटना में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। इधर घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं घटना के बाद पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है तथा आगे की जांच एवं कार्रवाई में जुट गई है।

# पूरी पारदर्शिता के साथ हो रहा है इवीएम का एफएलसी कार्य : डीएम

### इवीएम एसओपी और चुनाव आयोग के गाइडलाइन का सख्ती से अनुपालन




**दैनिक खोज खबर/छपरा।** आसन्न विधानसभा आम चुनाव के लिए इवीएम की प्रथम स्तरीय जांच (एफ. एल. सी) विगत 10 दिनों से सदर प्रखंड के निकट अवस्थित इवीएम वेयरहाउस के एफ. एल. सी. हॉल में जारी है। उक्त बातें जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी अमन समीर ने रविवार को कार्य का निरीक्षण करने के बाद कहीं। उन्होंने बताया कि अभी तक 1220 बीयू, सीयू और विवि पैट एफ. एल. सी. ओके किए गए हैं। वहीं 19 बीयू, 9 सीयू और 19 वीवी पैट को रिजेक्ट किया गया है। उन्होंने बताया कि जिले को विनिर्माता कंपनी इलेक्ट्रॉनिक कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड हैदराबाद निर्मित एम-थ्री मॉडल की 6210 बैलेट यूनिट, 4993 कंट्रोल यूनिट और 6134 वीवी पैट का एफ. एल. सी. किया जाना है। एफ. एल. सी. ओके मशीनों को ही चुनाव में उपयोग किया जाएगा। वहीं आयोग के निदेशानुसार रिजेक्टेड मशीनों को एफ. एल. सी. कार्य समाप्त होने के फौरन बाद विनिर्माता कम्पनी को वापस कर दिया जाएगा।

**पारदर्शिता का रखा जा रहा है विशेष ध्यान -** जिलाधिकारी श्री समीर ने मौके पर मौजूद राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से फीड बैक लिया। उन्होंने बताया कि आयोग के निदेशानुसार प्रत्येक दिन राजनीति दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति अनिवार्य है। उनसे सीयू पर लगाए जाने वाले पिंक पेपर सील पर हस्ताक्षर कराया जा रहा है। साथ ही उनकी उपस्थिति प्रपत्र व खोलने बंद करने की हस्ताक्षरित प्रोसीडिंग को प्रतिदिन चुनाव आयोग के साइट पर अपलोड किया जा रहा है। साथ ही प्रतिदिन एफ. एल. सी. ओके मशीनों की सूची राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को रिसीव करा कर उनकी पावती के साथ सूची को भी आयोग के साइट पर अपलोड किया जा रहा है। मौके पर जेडीयू के ब्रजेश कुमार, आरजेडी के उपेन्द्र कुमार, बीजेपी के सत्यानन्द सिंह, बीएसपी के सोहन कुमार, एलजेपी के दीपक कुमार सिंह, आरएलएसपी के डॉ अशोक कुशवाहा और सीपीआईएमएल के कुणाल कौशिक आदि उपास्थि थे।

**अब तक राजनीति दलों को 13 स्मार पत्र हुए हैं जारी :** उप निर्वाचन पदाधिकारी जावेद एकबाल ने बताया कि प्रतिदिन राजनीतिक दलों को अपने प्रतिनिधियों के माध्यम से एफ. एल. सी. में उपस्थित रहने का आग्रह किया गया है। इसके लिए प्रत्येक दल के चार-चार अधिकृत प्रतिनिधियों को आई कार्ड जारी किए गए हैं। मुख्य रूप से कांग्रेस, भाजपा, राजद, जदयू, बसपा, सीपीआईएम, एलजेपी, सीपीआई एमएल, रालोसपा आदि के प्रतिनिधि दैनिक रूप से उपस्थित हो रहे हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी के निदेश पर प्रति दिन अनुपस्थित रहने वाले दल को स्मार पत्र भी जारी किए जा रहे हैं। अब तक 13 स्मार पत्र जारी किए जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि जिला निर्वाचन पदाधिकारी के द्वारा 26 अप्रैल को दलों के साथ बैठक कर एफ. एल. सी. के सम्बंध में विस्तार से जानकारी दी गयी थी। वहीं इस सम्बंध में उन्हें एफ. एल. सी. की प्रक्रिया, एजेंडा, कार्यवाही आदि की हार्ड कॉपी भी उपलब्ध करायी गयी थी। उन्होंने बताया कि जिलाधिकारी के आदेशानुसार सभी नोटीफाईड आरओ और एआरओ को भी रोस्टर के अनुसार कार्य का अवलोकन करने और रिवीजन के लिए बुलाया जा रहा है। इस क्रम में डीडीसी यतेंद्र कुमार पाल, एडीएम मुकेश कुमार, डीसीएलआर रश्मि कुमारी और सभी प्रखण्डों के बीडीओ आदि उपस्थित हो चुके हैं।

**सीधे चुनाव आयोग कर रहा है निगरानी :** एफएलसी की प्रक्रिया के निगरानी के लिए तीन सतह की व्यवस्था की गयी है। हाईटेक आईपी कैमरे से वेब टेलीकास्ट किया जा रहा है। जिसे कंट्रोल रूम में पदस्थापित दंडाधिकारी, जिला पदाधिकारी अपने कार्यालय वेश्म में और राज्य व भारत निर्वाचन आयोग मॉनिटर कर रहे हैं। वहीं दूसरे सतह पर वेयरहाउस का अपना सीसीटीवी कैमरा चप्पे-चप्पे की रिकार्डिंग कर रहा है। इसके साथ ही वीडियोग्राफी के माध्यम से भी सभी कार्रवाइयों को रिकार्ड किया जा रहा है। कोई भी अनाधिकृत व्यक्ती हॉल में प्रवेश नहीं कर सकता है। हॉल में मोबाईल या किसी प्रकार का इलेक्ट्रिक गजेट ले जाना सख्त वर्जित है। मौके पर मौजूद एफएलसी कोषांग के वरीय प्रभारी पदाधिकारी सह नगर आयुक्त श्री सुनील कुमार पांडेय ने बताया कि यह कार्य कड़ी सुरक्षा वयवस्था में संपन्न कराया जा रहा है। वेयरहाउस के अपने स्टैटिक सुरक्षा कर्मी के साथ ही जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा अलग से मजिस्ट्रेट और आधा सेक्शन फोर्स प्रतिनियुक्त किया गया है। किसी को भी मेटल डिटेक्टर डोर से गुजर कर और फ्रिक्सिंग के बाद ही प्रवेश करना है। वेयरहाउस में मेडिकल टीम की भी तैनाती की गयी है।

**चुनाव आयोग ने प्रतिनियुक्त किए हैं 13 अभियंता :** एफएलसी की पूरी प्रक्रिया को नोडल पदाधिकारी सह डीएमडब्लूओ रवि प्रकाश ने समझाते हुए कहा कि यह मशीनों की प्रथम स्तरीय जांच है। जिसे इसीआईएल के 13 सूक्ष्मता के साथ संपन्न कर रहे हैं। इसके लिए पहले सभी मशीनों की प्री एफएलसी जांच की जा रही है। तब विविपैट में डमी सिम्बॉल की लोडिंग करने के बाद प्रत्येक बीयू, सीयू और विविपैट को कनेक्ट कर प्रत्येक 16 बटन पर छह-छह वोट डाले जा रहे हैं। अंत में डाले गए कुल वोटों के रिजल्ट से विविपैट के पर्ची की गिनती कर मिलान किया कर टेस्ट में पारित और रद्द मशीनों को आयोग के विशेष ऐप ईएमएस-0.2 पर स्कैन के माध्यम से अपलोड किया जा रहा है।

## मुख्यमंत्री नीतिश कुमार, सांसद रूडी समेत कई ने शहीद को किया नमन

### मुख्यमंत्री ने कहा वीर सपूत के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना है

**पटना/छपरा।** जम्मू के आर.एस. पुरा सेक्टर में पाकिस्तान सेना के द्वारा फायरिंग में शहीद हुए बिहार के सारण जिले के गरखा थाना क्षेत्र के नरायणपुर गांव के निवासी बीएसएफ के सब इंस्पेक्टर मोहम्मद इम्तियाज के शहादत पर बिहार के मुख्यमंत्री नीतिश कुमार ने शहीद को नमन किया। और कहा कि उनकी शहादत को देश हमेशा याद रखेगा। मैं इस घटना से काफी मर्माहत हूं। वीर सपूत के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना है। शहीद मो. इम्तियाज के निकटतम आश्रित को राज्य सरकार की ओर से अनुमान्य सम्मान राशि दी जाएगी। साथ ही शहीद मोहम्मद इम्तियाज का राज्य सरकार की ओर से पुलिस सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया जाएगा। वहीं रविवार को शहीद के पैतृक आवास पर सांसद प्रतिनिधि राकेश ने पहुंचकर शहीद के भाई की स्थानीय सांसद राजीव प्रताप रूडी से बात कराई। रूडी ने कहा कि मो. इम्तियाज के सर्वोच्च बलिदान को नमन हैं, उनके इस कर्ज को देश कभी नहीं भूलेगा। मैं इस घटना से मर्माहत हूं और इस गम की घड़ी में परिजनों के साथ हूं। इस मौके पर डॉक्टर नजरे इमाम जिला अध्यक्ष भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा, संजय कुमार सिंह जिला प्रवक्ता भाजपा, राकेश कुमार सिंह भाजपा नेता सह सांसद प्रतिनिधि, राहुल पासवान भाजपा नेता, अजय माँझी, नीरज कुमार सिंह ,संतोष सिंह, दीपु सिंह, रितेश राय,पवन सिंह, विवेक शर्मा,सुभाष राम, मनोज पटेल आदि लोग भी संवेदना की घड़ी में उपस्थित थे।



## लवारिश महिला पर्स को पुलिस को सौपा

**मढ़ौरा ।** नगर के अंबेडकर पार्क के पास एक लवारिश महिला पर्स को स्थानीय लोगों ने पुलिस को सौप दिया। मिली जानकारी के अनुसार अंबेडकर पार्क के पास एक महिला का पर्स गिरा पड़ा मिला था, जिसे लोगों ने सुरक्षित रूप से पुलिस को सौप दिया। बैग की तलाशी पर पुलिस को बैग में सोने का जेवर और रूपये बरामद हुए है । फिलहाल बैग से महिला के पहचान का कोई कागजात पुलिस को नही मिला है। पुलिस अज्ञात बैंग की धारक महिला की पहचान में जुटी है ।




## वीर सपूत मो. इम्तियाज के वीरगति पर देश को गर्व, शहादत की खबर पर घर का माहौल गमगीन

**दैनिक खोज खबर/गड़खा (सारण)।** सारण जिले के लाल बीएसएफ के सब इंस्पेक्टर मोहम्मद इम्तियाज देश की रक्षा में पाकिस्तान से युद्ध के दौरान जम्बू के आर एस पुरा सेक्टर में शहीद हो गए। गड़खा थाना क्षेत्र के नारायणपुर गांव निवासी 56 वर्षीय मोहम्मद इम्तियाज की शहादत पर पूरे गांव में माहौल गमगीन है।गांव के लोग देश की रक्षा करते हुए अपने प्राण के बलिदान देने वाले वीर सपूत शहीद इम्तियाज शेख पर जीते जी दुश्मन देश के लोहा मनवाने तथा वीरगति को प्राप्त करने पर गर्व भी कर रहे थे। खबर के मुताबिक वीर सपूत के पार्थिव शरीर को जंबू के राज्यपाल व सेना के अधिकारियों ने श्रद्धांजलि देकर घर के लिए सुपुर्द कर दिया। गांव में सोमवार को पार्थिव शरीर पहुंचने की संभावना है, जहां पर सम्मान के साथ अन्तिम संस्कार किया जाएगा।। आपको बता दे की भारत-पाकिस्तान के बीच पिछले कई दिनों से चल रहें युद्ध में शनिवार की देर शाम सीजफायर के दौरान देश के आउट पोस्ट को लीड कर रहे जवान पाकिस्तान की ओर से धोखे में की गई क्रॉस फायरिंग में अपने साथी जवानों की सुरक्षा में शहादत दी। वह गड़खा के जलाल पंचायत के नारायणपुर गांव निवासी मोहम्मद हबीब तथा उम्मती बीवी के पुत्र थे। बताया जा रहा हैं कि 1986 में भारतीय सेना में बहाली हुई थी।बीएसएफ के सब इंस्पेक्टर पद पर तैनात थे।वह अपने पीछे दो पुत्र और दो पुत्री को छोड़ गए। पत्नी शहनाज अजिमा, पुत्र मोहम्मद इमरान और मोहम्मद इमदाद पुत्री बनाजीर खातून फरीदा खातून समेत अन्य के आंखों के आंसू नहीं सूख रहे थे।

छोटा भाई भी कर रहा है देश की सेवा, पिता का पार्थिव शरीर लाने गया बेटा - मोहम्मद इम्तियाज का बड़ा पुत्र इमरान अपने रिश्तेदारो के साथ पार्थिव शरीर लाने गया। इम्तियाज तीन भाइयों में सबसे बड़े थे, उनसे छोटा भाई मोहम्मद मुस्तफा भी बीएसएफ में तैनात हैं।सबसे छोटा भाई मोहम्मद असलम गांव पर ही रहते हैं।



गम के माहौल में यादों को सहेजे परिजन



# नौ दिवसीय रुद्र महायज्ञ को लेकर तैयारी पूरी, यज्ञमंडप सजधज कर तैयार

## तरैया ठाकुरबाड़ी शिव मंदिर पर 13 मई से आयोजित है नौ दिवसीय रुद्र महायज्ञ

**दैनिक खोज खबर/तरैया (सारण)।** प्रखण्ड के तरैया बाजार में स्थित नवनिर्मित श्रीराम जानकी ठाकुरबाड़ी शिव मंदिर में विभिन्न कोटि देवी-देवताओं की मूर्ति स्थापित करने को लेकर 13 मई से 21 मई तक नौ दिवसीय श्री रुद्र महायज्ञ का आयोजन किया गया है। श्री रुद्र महायज्ञ को लेकर लगभग सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। नौ दिवसीय श्री रुद्र महायज्ञ का शुभारंभ 13 मई को कलश यात्रा के साथ होगा। रुद्र महायज्ञ को लेकर मंदिर परिसर में 11 कुंडीय भव्य यज्ञमंडप बनकर तैयार हो गया है। वहीं नवनिर्मित शिव मंदिर में विभिन्न कोटि के देवी-देवताओं की मूर्ति बनारस से लाए गए है। श्री रुद्र महायज्ञ के दौरान आचार्यों व विद्वान पंडितों द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना कर शिव मंदिर में भगवान श्रीरामजी, लक्ष्मण जी, माता सीता, शिव परिवार, विश्वकर्मा जी, हनुमंतलल्ला, राधा-कृष्ण समेत विभिन्न देवी-देवताओं की मूर्ति स्थापित कर मूर्तियों में प्राण-प्रतिष्ठा किया जायेगा।

## शत चंडी महायज्ञ के अंतिम दिन यज्ञ के सहयोगी सदस्यों को किया गया सम्मानित

**दैनिक खोज खबर/जलालपुर।** प्रखंड के विष्णुपुरा ग्राम में देवी स्थान पर चल रहे नवदिवसीय शतचंडी महायज्ञ एवं भागवत कथा के अंतिम दिन शनिवार की देर संध्या समापन के समय सहयोग देकर सफल बनाने वाले 101 सदस्यों को अंग वस्त्र देकर के सम्मानित किया गया।प्राथमिक शिक्षक संघ छपरा नगर अध्यक्ष व स्थानीय ग्रामीण एच एम अनिल कुमार ने सभी को अंग वस्त्र देकर सम्मानित करते हुए कहा कि आपके सहयोग से यह यज्ञ सफल रहा।सभी के सहयोग के कारण यहां पर हजारों लोगों की उपस्थिति बनी रही।मौके पर सारण जिला प्रा. शिक्षक संघ के कार्यकारी अध्यक्ष अरविंद सिंह मुखिया उत्तम बैठा, बीडीसी अजीत कुमार शिक्षक संघ के मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार सिंह, शिक्षक संघ के जलालपुर अंचल सचिव सुरेंद्र राम, ताराशंकर महतो, मनोज साह सहित क ई अन्य भी उपस्थित थे।



# श्रीगजेन्द्रमोक्ष देवस्थान नौलखा मन्दिर में मनायीं गयी भगवान नरसिंह जयंती

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** विश्व विख्यात हरिहर क्षेत्र सोनपुर के श्रीगजेन्द्रमोक्ष देवस्थान नौलखा मन्दिर में रविवार शाम वैशाख महीने के शुक्ल पक्ष की चतुर्दशी तिथि को धूमधाम से भगवान नरसिंह जयंती मनाई गई।उपर्युक्त अवसर पर हरिहर क्षेत्र पीठाधीश्वर जगद्गुरु रामानुजाचार्य स्वामी लक्ष्मणाचार्य महाराज बताए कि धार्मिक मान्यता के अनुसार इसी तिथि पर भगवान विष्णु ने नरसिंह अवातर लिया था। इसे नरसिंह चतुर्दशी के नाम से भी जाना जाता है।नरसिंह जयंती पर भगवान नरसिंह की पूजा-अराधना की गई। श्रीस्वामी लक्ष्मणाचार्य महाराज बताए कि भगवान विष्णु के कई अवतारों में नरसिंह चौथा अवतार है, जिसमें उनका रूप आधा सिंह और आधा मानव का है। भगवान ने यह अवतार भक्त प्रह्लाद की रक्षा के लिए लिया था, जोकि इस बात का भी प्रमाण है कि, भक्त की भक्ति में अगर श्रद्धा और सच्चाई हो तो ईश्वर प्रकट होकर जरूर रक्षा करते हैं।स्वामी जी ने आगे कहा कि हिरण्यकश्यप नामक एक राक्षस था, जिसने अपनी तपस्या से ब्रह्माजी को प्रसन्न कर यह वरदान प्राप्त किया था कि किसी भी अस्त्र से उसकी मृत्यु असंभव है। उसे ना ही कोई अस्त्र, न ही शस्त्र, ना ही दिन, ना ही रात, न बाहर, ना ही घर में, न पृथ्वी और ना ही आकाश मार सकता है।लेकिन इस वरदान को पाकर हिरण्यकश्यप ने इसका गलत फायदा उठाया और लोगों को परेशान करने लगा। वह लोगों से कहता था कि उसकी पूजा करे।यहां तक कि हिरण्यकश्यप तीनों लोकों पर भी अपना आधिपत्य जमाना चाहता था।लेकिन हिरण्यकश्यप का पुत्र प्रह्लाद भगवान विष्णु की भक्ति में लीन रहता था और पूजा-अर्चना करता था। हिरण्यकश्यप ने अपने पुत्र को विष्णु जी की भक्ति करने के लिए कई बार मना किया और हर तरह से यह कोशिश की कि प्रह्लाद भगवान की अराधना न कर सके। लेकिन प्रह्लाद ने अपने पिता की एक नहीं सुनी।तब हिरण्यकश्यप ने अपने पुत्र को ही मारने की साजिश रची, जोकि भगवान विष्णु की कृपा से नाकाम रही और विष्णु भक्त प्रह्लाद बच गया। इस पर हिरण्यकश्यप गुस्से से आग-बबूला हो गया।एक बार प्रयास असफल होने के बाद उसने दोबारा अपने पुत्र प्रह्लाद को मारने की कोशिश की। तब आखिरकार भक्त की रक्षा के लिए भगवान विष्णु ने नरसिंह अवतार लिया। भगवान नरसिंह खंभे से अवतरित हुए।उन्होंने मुख्य दरवाजे के बीच हिरण्यकश्यप को पैर पर लेटा कर अपने नाखूनों की मदद से उसका का वध कर दिया।इस तरह से नरसिंह अवतार लेकर भगवान ने भक्त प्रह्लाद की रक्षा की, जिस कारण हर साल वैशाख शुक्ल की चतुर्दशी पर नरसिंह जयंती मनाई जाती है और भगवान विष्णु के इस अवतार की पूजा-अराधना की जाती है। इस अवसर पर आज भगवान के श्रीविग्रह का अभिषेक हुआ और वस्त्र आभूषण से अलंकृत कर अलौकिक आनन्द सहित भगवान नरसिंह का प्राक्ट्योत्सव मनाए गए।उपर्युक्त अवसर पर मंदिर मनैजर नंद कुमार राय, समाजसेवी लाल बाबू पटेल, सहित दर्जनो श्रद्धावान सम्मिलित हुए।

# भोजपुरी साहित्य सम्मेलन की आयोजन समिति गठित

**दैनिक खोज खबर/ अमनौर (सारण)।** अखिल भारतीय भोजपुरी साहित्य सम्मेलन का 28 वां अधिवेशन साहित्य-संस्कृति की उर्वरा धरती अमनौर में आयोजित होनी है. अगामी 4-5 अक्टूबर को आयोजित होने वाले इस राष्ट्रीय भोजपुरी अधिवेशन के आयोजन समिति की गठन की घोषणा रविवार को की गई. समिति की घोषणा करते हुए शिक्षक राजन सिंह ने बताया कि आयोजन समिति के अध्यक्ष विधान पार्षद डा. संजय प्रकाश मयूख और सचिव साहित्यकार शिवानुग्रह नारायण सिंह को बनाया गया है. उपाध्यक्ष अम्बिका राय, पप्पू सिंह, प्रियरंजन सिंह युवराज, दीपक राज, संगीता सिंह और बलिराम तिवारी तथा संयुक्त सचिव अमरेन्द्र नारायण ललन, राजीव रंजन, अमरेन्द्र कुमार सिंह, श्वेता कुमारी, शांति भूषण और शशिकांत हैं. कोषाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह और सतीश कुमार तिवारी को बनाया गया है. कार्यालय सचिव शरदेन्दु कुमार और प्रो. बसंत कुमार सिंह हैं.

स्वागताध्यक्ष कमल किशोर सिंह और स्वागत सचिव मनोज सिंह, विजय कुमार विद्यार्थी, ब्रजकिशोर सिंह आदि बनाये गये हैं.कला-संस्कृति संयोजक उदय नारायण सिंह, प्रचार प्रकोष्ठ के संयोजक मनोज कुमार सिंह, सफाई प्रकोष्ठ संयोजक राजकुमार सिंह, आईटी प्रकोष्ठ संयोजक कुंदन तिवारी, सुरक्षा प्रकोष्ठ संयोजक गजेन्द्र कुमार सिंह, चिकित्सा प्रकोष्ठ संयोजक डा. धनंजय सिंह, भोजन प्रकोष्ठ संयोजक राजन सिंह, मीडिया सेल संयोजक संजीव कुमार और प्रवक्ता कुलदीप महासेठ को बनाया गया है. आयोजन समिति की यह घोषणा अमनौर हाई स्कूल परिसर में संपन्न बैठक में की गई, जिसकी अध्यक्षता अखिल भारतीय भोजपुरी साहित्य सम्मेलन के महामंत्री डा. जयकांत सिंह जय ने की. उन्होंने कहा कि इस सम्मेलन में देश के विभिन्न भोजपुरी भाषी प्रदेश के साहित्यकार, कवि और कलाकार का जुटान तो होगा ही



भोजपुरी भाषी अन्य देशों के भी प्रतिनिधि भी शिरकत करेंगे. आयोजन की सफलता को लेकर बैठक में कई अन्य निर्णय लिए गये. बैठक को मुखिया संघ के प्रदेश अध्यक्ष मिथिलेश राय, डा.रणजीत कुमार, राजेन्द्र प्रसाद सिंह, टुन्ना कुमार सिंह, ब्रजकिशोर तिहारी, पूर्व जिला पार्षद विक्रमा माझी व अन्य ने संबोधित किया. संचालन शिवानुग्रह नारायण सिंह ने किया।

## तीन माह पूर्व ब्याही युवती ने पूर्व प्रेमी से रचाई दूसरी शादी

**दैनिक खोज खबर/मांझी।** तीन माह पूर्व एकमा में ब्याही गई मांझी की अंजली कुमारी ने पहले पति का घर छोड़ा तथा फिर माता पिता के आग्रह को अस्वीकार कर मियाँपट्टी गाँव के रहने वाले अपने पूर्व प्रेमी मनमन राम के साथ शनिवार की देर शाम माँझी के रामघाट स्थित शिव मन्दिर में दूसरी शादी रचा ली। भगवान शिव व माता पार्वती को साक्षी मानकर रचाई गई शादी समारोह में मौजूद दर्जनों गणमान्य लोग इस अजीबोगरीब शादी के साक्षी बने। इससे पहले माँझी थाना परिसर में दिनभर चले पंचायती के बाद देर शाम को युवती ने अपने माता पिता के आग्रह को अनसुना कर अपने तीन वर्ष पुराने प्रेमी के संग शादी रचाने को रजामन्द हो गई। शनिवार की देर रात आयोजित इस अनूठे शादी समारोह में संत राम प्रिय दास,संत रामसेवक दास,पूर्व मुखिया राजेन्द्र राम,समाजसेवी कृष्णा सिंह पहलवान,सत्य प्रकाश सिंह,पदमदेव मिश्रा,विजय प्रसाद,कृष्णा राम तथा मंजीत कुमार समेत दर्जनों लोग मौके पर मौजूद रहे। शादी के उपरान्त दूल्हा दुल्हन कार पर सवार होकर हँसी खुशी माँझी मियाँ पट्टी के लिए रवाना हो गए।

# पुलिस अभिरक्षा में अधेड़ की संदिग्ध मौत, चौकीदार और उसके पुत्र पर हत्या का आरोप, प्राथमिकी दर्ज

**दैनिक खोज खबर/दरियापुर (सारण)।** डेरनी थाना क्षेत्र के जामिनपुर गांव निवासी 55 वर्षीय सुभाष राय की पुलिस अभिरक्षा में संदेहास्पद परिस्थितियों में हुई मौत के मामले में अब नया मोड़ आ गया है। मृतक के पुत्र मुकेश कुमार राय के आवेदन पर दरियापुर थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है। आवेदन में गांव के ही चौकीदार सत्येंद्र मांझी और उनके पुत्र नवीन कुमार मांझी पर सुभाष राय को पीट-पीटकर मारने का आरोप लगाया गया है।घटना के अनुसार, सुभाष राय महेशिया चौक स्थित हनुमान मंदिर पर मौजूद थे, तभी सत्येंद्र मांझी और उनके पुत्र ने 112 पर कॉल कर पुलिस बुला ली। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने सुभाष राय को पकड़कर बेरहमी से पीटा और थाना ले गई। कुछ ही समय बाद गांव वालों को उनकी मौत की सूचना मिली।पुलिस द्वारा शव को पीएचसी ले जाने की जानकारी मिलते ही गांव में आक्रोश फैल गया। लोगों ने स्थानीय विधायक छोटे लाल राय और प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि राजन राय को पूरे घटनाक्रम से अवगत कराया। दोनों जनप्रतिनिधि तत्काल पीएचसी पहुंचे और स्थिति की जानकारी ली।

**विधायक छोटे लाल राय का बयान:** यह अत्यंत दुखद और निंदनीय घटना है। पुलिस की भूमिका की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। मैंने स्वयं पुलिस अधीक्षक को इस घटना से अवगत कराया है। दोषियों को बख्शा नहीं जाना चाहिए। कानून व्यवस्था बनाए रखना प्रशासन की जिम्मेदारी है, और हम हर स्तर पर पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए तत्पर हैं।÷ घटना की गंभीरता को देखते हुए सोनपुर एसडीपीओ भी मौके पर पहुंचे और वस्तुस्थिति का जायजा लिया। इधर, दोनों नामजद आरोपी फिलहाल घर छोड़कर फरार बताए जा रहे हैं। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## देसी शराब भट्टी को ध्वस्त, मौके पर शराब बरामद, तीन मजदूर को किया गिरफ्तार

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** नयागांव पुलिस ने शराब के धंधे बाजो पर एक बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन भट्टी को ध्वस्त कर दिया है वहीं मौके से शराब भट्टी पर काम कर रहे तीन मजदूर को भी गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई नयागांव के गोपालपुर सामने पूर्वी छोर पर खूटहा सोती में रविवार को की गई। इस बात की जानकारी देते हुए नयागांव थानाध्यक्ष कृष्ण कुमार शर्मा ने बताया कि मौके से 120 लीटर देसी शराब जप्त किया गया है। इसके अलावा पुलिस ने 3200 लीटर अर्ध निर्मित शराब को बहा दिया है वहीं 9 किलो नौसादर भी जप्त किया गया। इस बड़ी कार्रवाई के बाद शराब के धंधेबाजो में हरकंप मचा हुआ है। थानाध्यक्ष ने बताया कि इस दौरान शराब कारोबारी भागने में सफल रहा लेकिन मौके पर 3 मजदूर को गिरफ्तार किया गया जिसमे मोहम्मद चक्र के दीनदयाल साहनी व मकरा के नागेंद्र साहनी तथा मुन्नी सहनी को गिरफ्तार किया गया है। इन सबों के खिलाफ प्राथमिक दर्ज करते हुए जेल भेजा जाएगा।

## निःशुल्क मेडिकल जांच शिविर आयोजित

**दैनिक खोज खबर/तरैया (सारण)।** प्रखण्ड के पचरौड़ बाजार पर संजीवनी लाईफ केयर पटना द्वारा मूत्र एवं किडनी स्टोन संबंधित एक जागरूकता अभियान एवं निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में एक सौ से अधिक ग्रामीण चिकित्सकों ने भाग लिया। इस दौरान सैकड़ों मरीजों को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच कर उन्हें दवाइयां उपलब्ध कराई गई।

जागरूकता अभियान में संजीवनी लाईफ केयर के संस्थापक डॉक्टर सुदीश कुमार प्रसिद्ध मूत्र एवं जननांग रोग विशेषज्ञ, द्वारा ग्रामीण चिकित्सकों को मूत्र एवं किडनी रोग संबंधित जानकारियां सांझा की। मौके पर प्राथमिक चिकित्सक सहयोग समिति के सचिव डॉक्टर मनोज कुमार पंडित, कोषाध्यक्ष हरेंद्र सिंह, ओम प्रकाश पंडित, डॉ असलम, डॉ रंजीत कुमार, डॉक्टर ध्रुव सिंह, डॉक्टर राजकुमार सिंह, डॉक्टर विश्वनाथ राय, समेत दर्जनों चिकित्सक उपस्थित थे।

## किसान की बेटी बनी बिहार पुलिस, गांव में खुशी की लहर

**दैनिक खोज खबर/तरैया (सारण)।** थाना क्षेत्र के उसरी गांव की रहने वाली नीतू कुमारी ने कड़ी मेहनत और लगन से सफलता की एक नई मिसाल पेश की है। उक्त गांव निवासी किसान परमेश्वर शर्मा और केसरपति देवी की पुत्री नीतू कुमारी का चयन बिहार डिस्ट्रिक पुलिस में हुआ है, जिससे पूरे घर-परिवार व गांव में खुशी का माहौल है। नीतू ने अपनी प्रारंभिक व उच्च शिक्षा हाई स्कूल कोंध भगवानपुर से पूरी की और वर्तमान में वह मुजफ्फरपुर नितेश्वर सिंह डिग्री कॉलेज समस्तपुर से स्नातक की पढ़ाई कर रही है। आर्थिक रूप से कमजोर परिवार से आने वाली नीतू शुरू से ही पढ़ाई में मेधावी रही है। घर की आर्थिक स्थित ठीक नहीं रहने के बावजूद उसने कठिन परिस्थितियों में भी हार नहीं मानी और दृढ़ संकल्प के साथ पढ़ाई जारी रखी। नीतू के बड़े भाई सोनू कुमार शर्मा ने अपनी बहन की पढ़ाई-लिखाई में भरपूर मदद किया है और उसकी हिम्मत बढ़ाते हुए उसके लक्ष्य पर दृढ़ संकल्पित रहना का भरोसा दिलाते रहे है। नीतू के सफलता पर सरपंच संघ के प्रदेश महासचिव सुनील कुमार तिवारी, समाजसेवी प्रखण्ड प्रमुख प्रतिनिधि धनवीर कुमार सिंह विक्कू, मुखिया कमल देवी, शिक्षक मुकेश अनिन्दन, शिक्षक अनिल यादव, पत्रकार एन.के नवल, पत्रकार रंजन श्रीवास्तव, शत्रुघ्न शर्मा, शंकर राम, शिक्षक नितेश शर्मा समेत अन्य लोगों ने नीतू को बधाई दी और उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। नीतू की सफलता से गांव की अन्य बेटियों को भी प्रेरणा मिलेगी।

## मांझी पुलिस पर हमला मामले में 10 नामजद

**दैनिक खोज खबर मांझी (सारण)।** मांझी नगर पँचायत क्षेत्र के चौबाह स्थान गाँव में शनिवार की रात शराब के ठिकानों पर छपेमारी करने गए पुलिसकर्मियों से स्थानीय लोग भीड़ गए तथा पथराव करके एवम लाठी डण्डे से हमला करके पुलिस द्वारा पकड़े गए एक तस्कर को जबरन छुड़ा ले गए। तस्करों के साथ हुई झड़प में जख्मी पुलिस कर्मियों का माँझी सीएचसी में कराया उपचार कराया गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि देशी शराब बनाये व बेचे जाने की शिकायत मिलने पर पुलिसकर्मी सादे लिवास में चौबाह स्थान पर छापामारी करने गए थे। छापेमारी के दौरान पुलिस ने चेमन उर्फ गणेश चौधरी नामक एक तस्कर को गिरफ्तार कर लिया तथा उसके घर से दो सौ लीटर निर्मित व अर्द्धनिर्मित देशी शराब बरामद भी कर लिया। हालाँकि इसी दौरान स्थानीय लोगों ने हिरासत में लिए गए तस्कर को छुड़ाने के लिए पुलिसकर्मियों पर पथराव करके तथा लाठी डण्डों से हमला करके तस्कर को जबरन छुड़ा लिया। स्थानीय लोगों ने बताया कि दो बाइक पर चार पुलिसकर्मी सादे लिवास में छापेमारी करने आए थे लेकिन हमले की सूचना पाकर अन्य पुलिस टीम मौके पर पहुँची तबतक तस्कर सपरिवार घर छोड़कर फरार हो गए। हालाँकि तस्कर के घर से पुलिस 170 लीटर देसी शराब जब्त करने में सफल रही। जबकि एक सौ लीटर अर्द्धनिर्मित शराब को मौके पर ही विनष्ट कर दिया गया। उधर भीड़ के हमले में जख्मी व माँझी थाने में पदस्थापित दो पुलिसकर्मियों का माँझी सीएचसी में उपचार कराया गया। घटना की पुष्टि करते हुए थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि पुलिसकर्मियों पर हमला मामले में जख्मी पुलिसकर्मियों के बयान पर माँझी थाने में एक प्राथमिकी दर्ज की गई है जिसमें कुल दस लोगों को नामजद तथा 30 अज्ञात लोगों को आरोपित किया गया है। पुलिस फरार तस्कर सहित अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी अभियान चला रही है।

## रसूलपुर पंचायत में अतिपिछड़ा चेतना संवाद कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर प्रखंड क़े अंतर्गत नयागांव के रसूलपुर पंचायत में अतिपिछड़ा चेतना संवाद कार्यक्रम का आयोजन वकील महतो के द्वारा रविवार को किया गया ।इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता उपेंद्र सिंह मुख्य वक्ता के तौर पर मौजूद रहे । श्री उपेंद्र सिंह ने उपस्थित सभी लोगों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा चलाए जा रहे जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दिया।उन्होंने उज्वला योजना, किसान सम्मान निधि योजना, आयुष्मान योजना सहित अन्य योजनाओं के लाभार्थियों से संवाद किया ।

इस मौके पर भाजपा सोनपुर पश्चिमी मंडल अध्यक्ष संजीत चौरसिया , मंडल महामंत्री मनोरंजन पटेल , पूर्वी मंडल मंत्री राकेश दांगी, सतेंद्र सिंह समेत दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

## आवास योजना के नाम पर राशि लेने के आरोप में बीडीसी पर प्राथमिकी

**भगवानपुर हाट (सिवान)** ्सीथाना क्षेत्र के महम्मदपुर पंचायत के रामपुर दर्जी टोला निवासी साजिद हुसैन की पत्नी नुरैना खातून ने शनिवार को थाना में आवेदन देकर महम्मदपुर पंचायत के पंचायत समिति सदस्य सकीना बीबी और उनके पुत्र अहमद राजा के विरुद्ध आवास योजना के नाम पर राशि लेने का आरोप लगा प्राथमिकी कराई है। उन्होंने पंचायत समिति सदस्य द्वारा आवास योजना का लाभ दिलाने के नाम मुझसे 20 हजार रुपये लिया गया। जब उनके द्वारा आवास योजना का लाभ नहीं दिलाया गया तो राशि वापस करने की बात कही गई। इस पर उक्त लोगों द्वारा मेरे साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट की गई। साथ ही मेरे गले से सोने की चेन तथा 15 हजार रुपये छीनने लिया गया। प्राथमिकी कर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# सोनपुर कांग्रेस कमेटी के प्रखंड अध्यक्ष बने पंकज सिंह परमार

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर नगर पंचायत स्थित गांधी आश्रम प्रांगण में कांग्रेस कमेटी की बैठक रविवार को की गई। जिसकी अध्यक्षता कांग्रेस के जिलाध्यक्ष बच्चू प्रसाद बीरु क़े मौजूदगी में हुई। कार्यक्रम का संचालन पंकज सिंह परमार ने किया। इस बैठक में सोनपुर प्रखंड और दिघवारा प्रखंड के कांग्रेस कमेटी के सदस्य मौजूद रहे। बैठक में प्रदेश से दिए गए निर्देश के अनुसार धरातल पर उतारने के लिए पूरे विधानसभा को 6 जोन में बांटा गया है. जिसमें जन समस्याओं को लेकर 19 मई 2025 को जिला अधिकारी की घेराव पर चर्चा की गई। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया की 27 मई 2025 को संविधान सुरक्षा सम्मेलन पर भी चर्चा की गई. गांधी स्वराज आश्रम कांग्रेस कार्यालय सोनपुर को जीर्णोद्धार के लिए चर्चा की गई तथा पूरे प्रखंड के सभी ज्वलंत मुद्दों पर विस्तार रूप से चर्चा की गई। बैठक में पार्टी के जिला अध्यक्ष सहित उपस्थित लोगों के सर्वसम्मति से पंकज सिंह परमार को सोनपुर प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नियुक्ति करते हुए उन्हें फूल माला पहनाकर उनके प्रखंड क्षेत्र के कार्यभार को सौंपते हुए कांग्रेस पार्टी को सोनपुर विधानसभा में मजबूती लाने एवं जन समस्याओं को समय-समय पर उजागर करते हुए शासन प्रशासन को ध्यान आकृष्ट करते हुए उस समस्या का समाधान करने के लेकर भी चर्चा किया गया। बैठक में उपस्थित रहे अजय पंडित,अनिल सिंह वरीय नेता कांग्रेस कमेटी दिघवारा, सतीश चंद्र मिश्र,विमल कुमारनिमलेश, रामेश्वर प्रसाद,राकेश कुमार सिंह, राजकुमार राय,जनार्दन प्रसाद,अजय कुमार सिंह सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

## भाजपा नेता राकेश सिंह के घर मांगलिक बेला में पूर्व केन्द्रीय मंत्री समेत कई मंत्री व विधायक शामिल



**दैनिक खोज खबर/दरियापुर(सारण)।** सारण भाजपा नेता राकेश सिंह जी के बड़े भाई अरविंद सिंह की पुत्री की शादी में कई बड़े बड़े अधिकारी और नेता का आने जाने का तांता लगा रहा पूर्व केंद्रीय मंत्री साहनवाज हुसैन, बिहार सरकार मंत्री मंटू सिंह, भाजपा बिहार झारखण्ड संघठन प्रभारी नागेंद्र भाई, साहब आरएसएस सुबहेदार, विधायक केदारनाथ सिंह, विधायक डॉ सीएन गुप्ता, विधायक छोटेलाल राय, जिला उपाध्यक्ष प्रियंका सिंह, युवा नेता सुधीर सिंह, प्रमुख प्रतिनिधि राजन राय, उप प्रमुख रंजीत राय, प्रमुख प्रतिनिधि पशुपति साह, विनोद सम्राट, विजय लाला, बबलू सिंह, मुखिया प्रतिनिधि अजीत सिंह, राहुल सिंह, छोटू ओझा, किशोर सिंह, हरी सहनी, विजय नारायण सिंह, अजय मांझी सहित अनेक लोगो का आगमन देर रात्री तक आने जाने का लगा रहा। सभी लोगों ने वर वधु को शुभकामनाए दी। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष मंटू बाबा रामानंद सिंह, सुमंत तिवारी, मोनू सिंह, संतोष शर्मा अजय नाथ पूरी, मुखिया प्रतिनिधि विक्रम सिंह, अमरेंद्र सिंह, प्रमोद सिंह, जीतेन्द्र गिरी, मुखिया सुधीर अकेला सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

## गोरेयाकोठी में आज तीन घंटे बंद रहेगी बिजली

**परवेज अख्तर/सीवान।** जिले के गोरेयाकोठी प्रखंड में सोमवार को भी तीन घंटे बिजली बंद रहेगी। गोरेयाकोठी के जेई शशि भूषण कुमार ने बताया कि मलमलिया (महाराजगंज) ग्रिड से सोमवार की सुबह सात बजे से दस बजे तक बिजली की आपूर्ति बंद रहेगी। इस दौरान 33 केवी विद्युत तार को ऊंचा करने के लिए विभिन्न स्थानों पर नए पोल लगाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि कार्य अंतिम चरण में चल रहा है। इसे किसी भी हाल में सोमवार को ही पूरा कर लिया जाएगा। मेंटेनेंस कार्य के दौरान गोरेयाकोठी पावर सब स्टेशन से जुड़े तीन फीडरों गोरेयाकोठी, मुस्तफाबाद व डुमरा फीडर की आपूर्ति ठप रहेगी। जेई ने बिजली कटौती से पहले अपने जरूरी बिजली संबंधी कार्य पूरा कर लेने की अपील की है। बता दें कि मेंटेनेंस कार्य के लिए रविवार की सुबह सात बजे से 11 बजे तक बिजली बंद थी।

## ट्रैक्टर व बाइक की टक्कर में एक की मौत, एक घायल

**सिवान-**सिवान-लकड़ी मुख्यमार्ग स्थित मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बरहन गांव के समीप शनिवार की देर रात्रि ट्रैक्टर व बाइक की टक्कर में बाइक सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। जहां इलाज के दौरान एक युवक की मौत हो गई। जबकि दूसरा का इलाज चल रहा है।मृतक की पहचान थाना क्षेत्र के महमदपुर गांव निवासी रामनरेश प्रसाद का पुत्र 22 वर्षीय रूपक कुमार के रूप में हुई। जबकि घायल विनय कुमार का पुत्र प्रिंस है। घटना के संबंध में घायल प्रिंस ने बताया कि मैं और मेरा मित्र रूपक कुमार बरहन गांव में एक शादी समारोह में शामिल होने गए थे। शादी समारोह से लौटने के दौरान देर रात्रि तेज रफ्तार ट्रैक्टर चालक ने बाइक में धक्का मार दिया। जिससे हम दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। जहां इलाज के दौरान रूपक की मौत हो गई। जबकि मेरा इलाज सदर अस्पताल में चल रहा हैं। मौत की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया। इधर रूपक की मौत के बाद स्वजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

## डीएम ने की अभियोजन कार्यालय के कार्यो की समीक्षा

**सिवान-**समाहरणालय स्थित जिला पदाधिकारी कार्यालय में शनिवार को डीएम मुकुल कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में अभियोजन कार्यालय के कार्यकलापों की समीक्षात्मक बैठक की गई। बैठक को संबोधित करते हुए जिला पदाधिकारी ने अभियोजन से सभी संबंधित लंबित मामलों को तत्परता से निष्पादित करवाने का निर्देश सरकारी वकीलों को दिया।

## छात्रों का रिजल्ट नहीं हुआ जारी

**सिवान-**बिहार बोर्ड से इंटर में नामांकन की चाहत रखने वाले सीबीएसई के छात्र परेशान हैं, क्योंकि बोर्ड द्वारा अभी तक उनका रिजल्ट नहीं जारी किया गया है। जबकि बिहार बोर्ड में नामांकन के लिए आवेदन की प्रक्रिया पूर्ण हो गई है। 12 वीं में नामांकन के लिए ओएफएसएस पोर्टल आठ मई को बंद हो गया है। बिहार बोर्ड के निर्देश पर पोर्टल क्लोज कर दिया गया। सीबीएसई के छात्रों का रिजल्ट जारी नहीं होने के चलते सीबीएसई के छात्र आवेदन करने से वंचित हो गए। छात्र तिथि बढ़ने का इंतजार कर रहे हैं। वहीं बिहार बोर्ड से मैट्रिक उत्तीर्ण छात्रों ने इंटर में नामांकन के लिए आवेदन कर दिया है। जबकि सीबीएसई के दसवीं के छात्र अब भी रिजल्ट का इंतजार कर रहे हैं, उन्हें यह तय करने में दिक्कत हो रही है कि इंटर की पढ़ाई बिहार बोर्ड से कैसे करेंगे। इससे छात्रों में असमंजस की स्थिति है।

## रेलवे ट्रैक के किनारे आग न लगाने को लेकर चलाया गया जागरुकता अभियान

**परवेज अख्तर/सीवान।** रेलवे सुरक्षा बल द्वारा दारौंदा स्टेशन से सिवान जंक्शन के मध्य रेल ट्रैक के किनारे गांवों में रविवार को अपने खेतों में पराली न जलाने व रेलवे ट्रैक के किनारे आग न लगाने हेतु जागरूकता अभियान चलाया गया। इस मामले में आरपीएफ इंस्पेक्टर राजेश कुमार सिन्हा ने बताया कि उच्चाधिकारियों के आदेशानुसार एएसआइ ग्यास सरवर साथ स्टाफ व इंजीनियरिंग विभाग के आइओडब्लू बच्चा प्रसाद के साथ संयुक्त रूप से दारौंदा स्टेशन से सिवान जंक्शन के मध्य रेल लाइन के किनारे पड़ने वाले गांव हड़सर, मछौती, गोपालपुर, पचरूखी तथा चांप में जागरूकता अभियान चलाया गया। ग्रामीणों को बताया गया कि अपने खेतों में पराली न जलाए, ऐसा करने पर पर्यावरण को भारी नुकसान होता है और आग से कोई भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है। आप लोग ऐसा कोई कार्य न करें और यदि कोई करता है तो उसे रोके।

## बड़हरिया की पांच बेटियां व एक बेटे का बिहार पुलिस में चयन होने से खुशी

**परवेज अख्तर/सीवान।** बड़हरिया प्रखंड के विभिन्न गांवों की पांच बेटियां व एक बेटे का चयन बिहार पुलिस में होने से जहां स्वजनों में जश्न का माहौल है, वहीं क्षेत्र में खुशी का माहौल है। सभी चयनित युवक-युवतियों को बधाई देने का तांता लगा हुआ है।चयनित बच्चों में माधोपुर निवासी राघव राम की पुत्री बंटी कुमारी, तीनभेड़िया निवासी नागेंद्र शर्मा की पुत्री शशि कला कुमारी, लहलादपुर निवासी सुभाष साह की पुत्री उजाला कुमारी, जलालपुर की चंद्रभूषण शुक्ला की पुत्री श्वेता कुमारी, तीनभेड़िया निवासी नागेंद्र शर्मा की पुत्री प्रियांशी कुमारी तथा जगतपुरा निवासी उमाशंकर कुमार के पुत्र पुनीत राज शामिल हैं। ये सभी बड़हरिया जीएम हाई स्कूल परिसर में ईंगल फिजिकल अकादमी के बैनर तले में सेना में भर्ती के लिए प्रशिक्षण प्राप्त करते हैं। जहां निदेशक अब्दुल रहमान तथा अवर अधिकारी धर्मेंद्र कुमार द्वारा प्रशिक्षण दिया जाता है। इस दौरान जीएम हाई स्कूल परिसर में चयनित युवक-युवतियों को माला पहनाकर तथा मिठाई खिलाकर सम्मानित किया गया। ज्ञात हो कि इस प्रशिक्षण की शुरुआत धर्मेंद्र कुमार गुप्ता द्वारा की गई थी। वे सशस्त्र सीमा बल में देश की सीमाओं पर कश्मीर में तैनात थे, अब वे मोतिहारी के पिपराकोठी में तैनात हैं। वह अपने फोर्स के विभिन्न प्रशिक्षण केंद्र में अपनी सेवा दे चुके हैं।

## पाटलिपुत्र ट्रेन के ठहराव को ले ज्ञापन

**महाराजगंज (सिवान) -**महाराजगंज क्षेत्र वासी काफी दिनों से दारौंदा स्टेशन पर पाटलिपुत्र ट्रेन की ठहराव की मांग करते आ रहे हैं। इसको लेकर रविवार को महाराजगंज वासियों ने स्थानीय सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल को ज्ञापन देकर दारौंदा जंक्शन पर यथाशीघ्र पाटलिपुत्र ट्रेन ठहराव की मांग की है।चंदन दुबे, ब्रजेश कुमार, नन्हें कुमार, अमित कुमार सिंह, शैलु कुमार, नरेंद्र कुमार, विश्वास कुमार आदि ने ज्ञापन में कहा है कि हम ट्रेन के ठहराव दारौंदा जंक्शन पर होने से क्षेत्र के लोगों को पटना तक की यात्रा एवं लखनऊ तक की यात्रा करने में सहूलियत होगी। सांसद ने आश्वस्त किया है कि वे शीघ्र ही रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव सहित जीएम, डीआरएम से मिलकर पाटलिपुत्र ट्रेन की ठहराव कराने का आग्रह करेंगे।

## जदयू नेता ने स्वास्थ्य मंत्री से मुलाकात पर विभिन्न मुद्दों पर की चर्चा

सिवान। जदयू अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष अब्दुल करीम रिजवी ने शनिवार की शाम पटना में बिहार के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय के आवास पर मुलाकात कर विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र की समस्याओं से भी अवगत कराया। साथ ही आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर विचार विमर्श किया। अब्दुल करीम रिजवी ने बताया कि बिहार में एनडीए एकजुट है और नीतीश कुमार बिहार के फिर से एक बार मुख्यमंत्री बनने जा रहे हैं, मुख्यमंत्री अपने शासनकाल में जो अल्पसंख्यकों के लिए काम किया आज तक आजादी के बाद किसी सरकार ने नहीं किया।

## जिलाधिकारी ने परिचारी पद हेतु आयोजित प्रारंभिक परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण



**दैनिक खोज खबर/छपरा (सारण)।** जिलाधिकारी अमन समीर ने रविवार को बिहार कर्मचारी चयन आयोग, पटना द्वारा विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के अंतर्गत कार्यालय परिचारी पद हेतु आयोजित प्रारंभिक परीक्षा के अवसर पर छपरा नगर निगम क्षेत्र के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान डीएम ने छपरा सेंट्रल स्कूल, गंगा सिंह कॉलेज सहित कई केंद्रों पर पहुंचकर विधि व्यवस्था, परीक्षा संचालन की स्वच्छता एवं पारदर्शिता का जायजा लिया। उन्होंने केंद्राधीक्षकों से परीक्षा से जुड़ी व्यवस्थाओं की जानकारी ली और किसी प्रकार की गड़बड़ी न हो, इसके लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि परीक्षा के दौरान केंद्र परिसर में किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या अनुचित गतिविधि बर्दाश्त नहीं की जाएगी। परीक्षा कक्षों में सभी परीक्षार्थियों की उचित जांच और निष्पक्ष माहौल में परीक्षा संपन्न कराई जाए।

## जिरादेई : डायल 112 के पुअनि व चालक को एसपी ने किया निलंबित

**परवेज अख्तर/सीवान।** जीरादेई थाना के डायल 112 पर प्रतिनियुक्त पुअनि व चालक का पचरूखी थाना क्षेत्र के नारायणपुर में आर्केस्ट्रा में नर्तकी संग डांस करते हुए एक वीडियो प्रसारित हो रहा है। इसके सूचना जैसे ही एसपी को मिली उन्होंने मामले की जांच कर पुअनि विनोद कुमार को निलंबित कर दिया। जबकि चालक रूपेश कुमार सिंह को प्रतिकूल टिप्पणी के साथ ईआरएसएस पटना वापस किया गया है। मामले में एसपी ने बताया कि दस मई को इंटरनेट मीडिया के माध्यम से दो व्यक्ति जो पुलिस वर्दी में थे उनका शादी समारोह में शामिल होकर नर्तकी संग डांस का वीडियो प्रसारित हुआ था। मेरे निर्देशानुसार अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर टू चंदन कुमार द्वारा उक्त प्रसारित वीडियो की जांच एवं सत्यापन की गई। जांच के क्रम में दोनों व्यक्तियों की पहचान जीरादेई थाना के डायल 112 पर प्रतिनियुक्ति पुअनि विनोद कुमार एवं चालक रूपेश कुमार सिंह के रूप में की गई। जिनके द्वारा दिनांक आठ मई को अपने कर्तव्य पथ से अनुपस्थित होकर पचरूखी थाना क्षेत्र के नारायणपुर में आर्केस्ट्रा देखने का कार्य किया जा रहा था। इस संबंध में मेरे द्वारा पुलिस पदाधिकारी विनोद कुमार को किए गए कृत्य, अपने कर्तव्य के प्रति बरती गई लापरवाही एवं वरीय पदाधिकारी के आदेश की अवहेलना, मनमानेपन के परिचायक हेतु तत्काल प्रभाव से सामान्य जीवनयापन भत्ता पर निलंबित किया गया। साथ ही चालक रूपेश कुमार सिंह को प्रतिकूल टिप्पणी के साथ ईआरएसएस पटना वापस किया गया।



## एएनएम फुलमनी ब्राउद ने अपनी सेवा को बनाया जीवन का उद्देश्य

**परवेज अख्तर।** दैनिक खोज खबर/सीवान। स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक ओर जहां चिकित्सकों की भूमिका कई मायनों में अहम मानी जाती है, तो वहीं दूसरी तरफ नर्सें सेवा की रीढ़ होती हैं। जो विभिन्न प्रकार के मरीजों को सहारा देने का काम करती हैं। जिसको लेकर विश्व नर्स दिवस प्रत्येक वर्ष 12 मई को मनाया जाता है। जिले की एएनएम (सहायक नर्स मिडवाइफ) फुलमनी ब्राउद का जीवन समर्पण, सेवा और करुणा की मिसाल बन चुका है। वैसे तो फुलमनी ब्राउद बचपन से ही गरीब और पीड़ित लोगों की सेवा करने का सपना देखा करती थीं। जिस कारण उन्होंने नर्सिंग को महज पेशा नहीं, बल्कि ग़रीबों की सेवा को परम धर्म मानती है। शायद यही कारण है कि बचपन से ही रोगियों की सेवा में दिलचस्पी थी। 1989 में नर्स की पढ़ाई पूरी करने के बाद झारखंड की राजधानी रांची और खूंटी में रहकर असहाय और जरूरतमंदों की सेवा करनी शुरू की थी। हालांकि यह सिलसिला अनवरत चल रहा है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) बसंतपुर के प्रसव कक्ष में प्रतिनियुक्त फुलमनी का मानना है कि सेवा भावना के बग़ैर नर्स बनने का सपना अधूरा ही रहता है।

क्योंकि उन्होंने कई बार विकट स्थितियों में रहने के बावजूद भी मरीजों की मदद करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। चाहे किसी प्रसव पीड़िता की रात में देखभाल करनी हो या वैश्विक स्तर पर फैली महामारी कोरोना संक्रमण काल के दौरान आपात स्थिति में प्रारंभिक रूप से इलाज करना हो, वह हर समय तत्पर रही हैं। उनके सहकर्मी भी उनकी कार्यशैली और संवेदनशीलता की तारीफ करते थकते नहीं हैं। फुलमनी ब्राउद ने बताया कि बचपन में गांव में बहुत ही करीब से गरीबी को देखा और झेला है। उसी समय मन में बैठा लिया कि गरीबों की सेवा करने के उद्देश्य से नर्सिंग की पढ़ाई करूंगी। उसके बाद वर्ष 2002 में सिवान जिले के गोरेयाकोठी प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में योगदान करने के बाद भीट्ठी गांव के अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में मेरी तैनाती कर दी गई। लगभग 6 वर्षों तक ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों की सेवा करने का सौभाग्य मिला। उसके बाद जून 2008 से लेकर अभी तक बसंतपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अपनी सेवाएं दे रही हूं। हालांकि अभी भी भीठी गांव की गर्भवती महिलाएं बसंतपुर सीएचसी आकर प्रसव कराती हैं। जिस कारण मैं जहां भी जाती हूं, लोग आदर से नाम लेते हैं। यही मेरी असली पहचान है।प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा. कुमार रवि रंजन ने बताया कि लगभग 17 वर्षों से सीएचसी में अपनी सेवाएं दे रही हैं।

## सीवान : आठ हजार 43 अभ्यर्थियों ने छोड़ा परीक्षा

**परवेज अख्तर/सीवान।** बिहार कर्मचारी चयन आयोग के अंतर्गत कार्यालय परिचारी की नियुक्ति के लिए प्रारंभिक परीक्षा रविवार को दोपहर 12 बजे से दो बजे तक एकल पाली में हुई। परीक्षा जिले के 18 केंद्रों पर आयोजित की गई। इसमें कुल 10 हजार 188 परीक्षार्थी को शामिल होना था लेकिन परीक्षा में केवल दो हजार 145 अभ्यर्थी ही शामिल हो सके। कार्यालय परिचारी पद की प्रारंभिक परीक्षा को आठ हजार 43 अभ्यर्थियों ने छोड़ दिया। परीक्षा को लेकर जिला प्रशासन द्वारा पूरी तैयारी की गयी थी। सहायक नोडल पदाधिकारी डीइओ राघवेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि परीक्षा सभी केंद्रों पर शांतिपूर्ण व कदाचारमुक्त माहौल में संपन्न हुई। बिहार कर्मचारी चयन आयोग के तत्वावधान में रविवार को जिला में बने 18 केंद्रों पर कार्यालय परिचारी पद के लिए प्रारंभिक परीक्षा आयोजित हुई। परीक्षा एक पाली में दोपहर 12 बजे से दो बजे तक ली गयी। परीक्षा में कुल दस हजार 188 अभ्यर्थी को शामिल होना था। परंतु जिला नियंत्रण कक्ष से मिली जानकारी के अनुसार परीक्षा में केवल 21.05 फीसदी यानी 2145 अभ्यर्थी शामिल हुए और 78.95 फीसदी यानी 8043 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। अभ्यर्थियों को 11 बजे के बाद केंद्र में प्रवेश नहीं करने दिया। सभी केंद्रों पर कदाचारमुक्त परीक्षा को लेकर जैमर लगाए गए थे। जबकि अभ्यर्थियों की हाजिरी बायोमेट्रिक से बनायी गई। सदर एसडीओ सुनील कुमार द्वारा दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 163 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए परीक्षा समाप्ति तक के लिए सभी परीक्षा केंद्रों के परीक्षा भवन के बाहरी चारदीवारी से सभी दिशाओं में 200 मीटर की परिधि के अंतर्गत निषेधाज्ञा लागू किया था। सदर एसडीओ ने बताया है कि परीक्षा केंद्रों के 200 मीटर की परिधि अंतर्गत सभी फोटो स्टेट मशीन परीक्षा समाप्ति अवधि तक बंद रही। उन्होंने बताया है कि परीक्षा के दौरान किसी भी अपराध करने तथा शांति भंग करने के उद्देश्य से पांच या उससे अधिक व्यक्तियों का एकत्रित होने पर कार्रवाई का निर्देश दिया गया था। किसी भी व्यक्ति को लाठी, भाला, गड़ासा, चाकू, अन्य घातक हथियार, आग्नेयास्त्र, विस्फोटक सामग्री आदि लेकर चलने पर रोक थी।

## विवाहिता चार बच्चों संग गायब, ससुर ने थाना में आवेदन लगाई बरामदगी की गुहार

**दैनिक खोज खबर/सीवान।** मैरवा थाना क्षेत्र के मैरवा धाम-हरपुर रोड स्थित एक व्यक्ति के किराए के मकान में बच्चों की पढ़ाई कराने के लिए रह रही महिला अपने चार बच्चे संग चार मई को गायब हो गई। काफी खोजबीन के बाद भी महिला का कहीं पता नहीं चल पा रहा है। इस मामले में महिला के ससुर जीरादेई थाना क्षेत्र के मुईया निवासी भोज यादव ने नौ मई को मैरवा थाना में आवेदन देकर बरामदगी की गुहार लगाई है। आवेदन में कहा है कि मेरा छोटा पुत्र अमरजीत यादव विदेश में रहता है। उसकी पत्नी सुनीता देवी दो साल से मैरवा में किराए के मकान में रहकर अपने बच्चों को पढ़ा रही है। पांच मई की सुबह दूध लेकर उसके किराए के मकान में गया तो उसके कमरे में ताला लटका देखा। जब आसपास के लोगों से पूछताछ की तो पता चला कि वह अपने सभी सामान लेकर ई-रिक्शा से कहीं चली गई है। वह अपने साथ पुत्र मासूम पुत्र अनुराग कुमार, पुत्री खुशबू कुमारी, पुत्री निधि कुमारी समेत अन्य बच्चों को ले गई है।

## ट्रस्ट ने गरीब ब्राह्मण परिवार की पुत्री शादी में किया सहयोग

**परवेज अख्तर/सीवान।** सामाजिक न्यायिक युवा शक्ति शैक्षणिक चैरिटेबल ट्रस्ट ने सात मई को आंदर प्रखंड के असांव में एक गरीब ब्राह्मण परिवार की बेटी की शादी में सहयोग प्रदान किया। इस परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण ट्रस्ट के अध्यक्ष सुधीर दुबे, कोषाध्यक्ष ज्योति पांडेय सहित दर्जनों सदस्यों ने शादी का सामान के साथ 11 हजार रुपये की सहायता राशि भेंट की। इसी दिन रघुनाथपुर प्रखंड के हरनाथपुर में आयोजित राधे कृष्ण प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ में भी ट्रस्ट ने सक्रिय भागीदारी निभाई। अध्यक्ष सुधीर दुबे, कोषाध्यक्ष ज्योति पांडेय और अन्य सदस्यों ने यज्ञ में 11 हजार रुपये का सहयोग प्रदान किया। ट्रस्ट के अध्यक्ष ने समाज को संदेश देते हुए कहा कि हमारा उद्देश्य जरूरतमंदों की मदद और सामाजिक एकता को बढ़ावा देना है। हम निरंतर सामाजिक कार्यों में योगदान देकर समाज के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस मौके पर कई लोग उपस्थित थे तथा इस कार्य की सराहना की।

## ब्राह्मण समाज द्वारा सामाजिक नेतृत्व व सनातन धर्म रक्षा पर मंथन 18 को

दैनिक खोज खबर/छपरा (सारण)। युवा ब्राह्मण चेतना मंच के तत्वावधान में आगामी 18 मई को रामानंद मैरेज हॉल, साढ़ा छपरा में ब्राह्मण समाज द्वारा भव्य राजनीतिक चिंतन शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसकी जानकारी जिला मीडिया प्रभारी आचार्य राजू रंजन तिवारी ने दी। उन्होंने बताया कि शिविर में सारण के सभी विधानसभा क्षेत्रों से विप्र बंधु सम्मिलित होकर सामाजिक, राजनीतिक और वर्तमान गिरती व्यवस्था पर खुलकर मंथन करेंगे। राजू रंजन तिवारी ने कहा कि ब्राह्मण केवल जाति नहीं, बल्कि एक संस्कार, एक संस्कृति और सनातन धर्म का प्रतीक है। समाज की वर्तमान स्थिति को देखते हुए अब राजनीतिक और सामाजिक चेतना आवश्यक है। उन्होंने सभी विप्र बंधुओं से 18 मई को सुबह 11 बजे कार्यक्रम में पहुंचने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि शिविर में ब्राह्मण समाज की राजनीति में प्रभावी सहभागिता, सामाजिक नेतृत्व और सनातन धर्म की रक्षा हेतु ठोस रणनीति पर चर्चा होगी। इस अवसर पर मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. सुभाष पाण्डेय, झारखंड प्रभारी संजय पाठक, महाराष्ट्र प्रभारी विमलेश तिवारी, गुजरात प्रभारी शशि प्रकाश मिश्रा, बंगाल प्रभारी अंजनी मिश्रा, बिहार प्रदेश प्रभारी श्यामसुंदर मिश्रा समेत कई प्रांतीय और जिलास्तरीय पदाधिकारी मौजूद रहेंगे।

## नेशनल टेक्नोलाजी डे पर रील बनाने की प्रतियोगिता का आयोजन

सिवान। नेशनल टेक्नोलाजी डे के अवसर पर भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के द्वारा विकसित प्रमुख एप्लीकेशन के प्रचार-प्रसार हेतु राज्य के सभी जिलों के बीच रील बनाने की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सिवान जिला की स्वीप आइकान अंतर्राष्ट्रीय स्तर की हैंडबाल खिलाड़ी के द्वारा रील में प्रभावी ढंग से जिला के मतदाताओं से मतदान के दिन वोट करने हेतु अपील किया गया है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पीडब्लूडी एवं स्वीप चिह्न को तकनीकी सशक्तिकरण की दिशा में सक्रिय योगदान हेतु प्रेरित करना एवं युवा मतदाताओं को विशेष रूप से फोकस करते हुए मतदाता जागरूकता गतिविधियों को संचालित करना है। सर्वश्रेष्ठ रील का चयन विषय वस्तु, नवाचार ( रचनात्मक, जन प्रभाव) एवं तकनीकी प्रस्तुति के आधार पर किया जाएगा। प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय विजेता जिला को पुरस्कृत भी किया जाएगा। रविवार को 12 बजे तक रील बनाकर भेजने का समय निर्धारित किया गया। सिवान जिला के स्वीप आइकान अंतरराष्ट्रीय स्तर की हैंडबाल खिलाड़ी खुशबू कुमारी ने रील में भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के द्वारा बनाए गए चारों एप की जानकारी देते हुए मतदाताओं से मतदान के दिन वोट करने के लिए प्रभावी ढंग से अपील किया है।

